भारतीय महिलाएँ : जीवनियाँ व आत्मकथाएँ
एक संदर्भ सूचिका

संकलन एवं संपादन
द्वारा

अंजु व्यास
एवं
मधु श्री

जनवरी २०१३

सेन्टर फॉर वूमन्स डेवलपमेंट स्टडीज़
२५, भाई वीर सिंह मार्ग (गोल मार्किट)
नई दिल्ली–११०००१, भारत
दूरभाषः ९१–११–३२२२६९३०,३२२२६९३१
फैक्स : ९१–११–२३३४६०४४
ईमेल : cwdslib@vsnl.net
वेबसाइट : www.cwds.org/library/library.htm

अनुक्रम

खंड – १	**पृष्ठ सं.**
प्रस्तावना	३–४
संक्षिप्त सूची (लोकेशन मार्क)	५
खंड – २	**७– ७६**
भाग–१ जीवनियाँ / आत्मकथाएँ (एकल प्रविष्टियाँ)	७–२४
अनुक्रमणिकाएँ:	**२६–३६**
जीवनचरित अनुक्रमणिका (आत्मकथाकार / जीवनी पात्र)	२६–२६
नाम अनुक्रमणिका (लेखक, अनुवादक इत्यादि)	३०–३२
संकेत शब्द अनुक्रमणिका	३३–३६
भौगोलिक क्षेत्र अनुक्रमणिका	३७–३६
भाग––२ जीवनियाँ / आत्मकथाएँ (बहुल प्रविष्टियाँ)	**४१–६४**
अनुक्रमणिकाएँ:	**६६–७६**
जीवनचरित अनुक्रमणिका (आत्मकथाकार / जीवनी पात्र)	६६–६७
नाम अनुक्रमणिका (लेखक, अनुवादक इत्यादि)	६८–७१
संकेत शब्द अनुक्रमणिका	७२–७३
भौगोलिक क्षेत्र अनुक्रमणिका	७४–७५
खंड – ३ परिशिष्ट: पुस्तकालय सूची	**७७–७६**

प्रस्तावना

जीवनी एक ऐसी विधा है जिसके द्वारा किसी व्यक्ति विशेष के जीवन का वृतांत लिखा जाता है! जीवन के बीते हुए लम्हों तथा जो समय की अतल गहराईयों में डूब गया है उसे फिर से निकाल कर सामने लाने की प्रेरणा ही आत्मकथा है! महिला जीवनी/आत्मकथा अनुभव की प्रामाणिक अभिव्यक्ति है और यह तब ही संभव है जब अनुभवों की प्रत्यक्ष अनुभूति हो! साहित्यिक धरातल पर महिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिए, तथा महिलाओं के बारे में किए गए लेखन द्वारा इस अनुभूति की प्रामाणिकता को बल मिलता है! सामाजिक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रही नारी की साहित्यिक क्षेत्र में तो भागीदारी बढ़ी ही है, साथ ही ऐतिहासिक स्तर पर भी उसकी उपस्थिति सहज स्वीकृत हुई है! १८५७ के भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के साथ–साथ महिलाओं की औपचारिक मुक्ति और उसका वास्तविक मताधिकार दिलाना भी महिला आंदोलन का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था! स्वाधीनता के पश्चात ये लक्ष्य अंशतः ही पूरा हो सका! स्वतंत्रता के पचास वर्षों बाद आज भी महिलाओं की स्थिति में बहुत अधिक सुधार नहीं हुआ है! इसी कारण १९६० और ७० के दशकों में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में परिवर्तन लाने के लिए देश में महिलाओं का सक्रिय आंदोलन फिर से जागृत हुआ, जिसके अंतर्गत सामाजिक सुधार के लिए सरकार को चुनौती, विरोध, संरक्षण, अग्रगामी परिवर्तन के लिय संघर्ष करने की ललक, एवं महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत महिलाओं ने अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिबद्धता तथा अदम्य साहस के माध्यम से एक नया इतिहास बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया! यहीं से स्त्री अस्मिता के संदर्भ में महिला लेखन कौ पहचान मिली! ऐसी कर्मठ महिलाओं ने अपने विविध प्रकार के अनुभवों को अपनी आपबीती के रूप में कलमबद्ध करने का प्रयास किया और अन्य लेखक और लेखिकाओं ने उनके अनुभवों को अपने लेखन का विषय बनाया है!

महिलाओं द्वारा महिलाओं के बारे में लिखने की परंपरा काफी पुरानी है! इसी परंपरा के अंतर्गत महिला लेखिकाओं ने भारतीय नारी की बदलती स्थिति, नारी चेतना और महिला अंदोलनों के विविध सोपानों को अपनी लेखनी का विषय बनाया है! हिन्दी साहित्य के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य में भी जीवनी/आत्मकथा लेखन का इतिहास उपलब्ध है, जो काफी पुराना है! उदाहरण के लिए सबसे पुरानी आत्मकथा राससुंदरी दासी की "आमार जीबोन" है जो १८७६ में पहली बार बंगला भाषा मे प्रकाशित हुई थी! हिन्दी के साठ और सत्तर के दशक में पश्चिम में जब स्त्रीवादी औरतें बहादुरी से संघर्ष कर रही थीं और उसे कलमबद्ध कर रही थीं, उस समय केरल की माधवीकुट्टी नाम की लेखिका ने "माई स्टोरी" शीर्षक से अपनी आत्मकथा लिख कर केरल के समाज को उद्वेलित कर दिया! सन् १९१६ में एक चर्चित पत्रकार और स्वाधीनता सेनानी की पत्नी बी. कल्यानी अम्मा की आत्मकथा "बारह साल के संस्मरण" के नाम से मलयालम में छपी! सन् १९८० और १९९० के दशक में जीवनियों और आत्मकथाओं का दायरा काफी विस्तृत हुआ है! इनमें बहुत सी नई रणनीतियाँ और पद्धतियाँ समाहित की गई हैं, जिसके चलते विभिन्न वर्गों और व्यवसायों से जुड़ी महिलाओं की जीवनियाँ और आत्मकथाएँ बड़े पैमाने पर प्रकाशित हुईं! राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली लक्ष्मीबाई से लेकर लक्ष्मी सहगल तक ; भक्ति आंदोलन के क्षेत्र में अग्रणी मीराबाई से लेकर श्री आनंदमयी माँ तक; राजनीति से संबंध रखने वाली इंदिरा गाँधी से लेकर सोनिया गाँधी तक; साहित्य एवं कला के क्षेत्र में अग्रणी अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, अमृता शेर–गिल; समाजसेवा के क्षेत्र में प्रसिद्ध मदर टेरेसा, साधना आमटे; तथा सिनेमा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दुर्गा खोट, हंसा वाडकर, मीना कुमारी जैसी महिलाओं की जीवनियाँ और आत्मकथाएँ जीवंत उदाहरण हैं! यह सब आत्मकथाएँ हिंदी के अतिरिक्त उर्दू, बँगला, मराठी, मलयालम व अंग्रेजी भाषा में लिखी गईं हैं, जिनका समय–समय पर अनुवाद होता रहा है! कुछ पुरानी आत्मकथाएँ पुनः प्रकाशित भी हुई हैं!

वर्तमान समय में महिला जीवनी एवं आत्मकथा विषय पर काफी शोध हो रहे हैं! अगर देखा जाए तो इस विषय पर काफी सामग्री उपलब्ध है, परन्तु आधे से ज़्यादा सामग्री अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है! हिन्दी भाषा में इससे

संबंधित पठ्न सामग्री की उपलब्धता की चर्चा यत्र–तत्र होती रही है! हर चर्चा का निष्कर्ष यही रहा है कि एक तरफ हिन्दी भाषा में महिला जीवनियों/आत्मकथाओं से संबंधित बहुत कम पठ्न सामग्री उपलब्ध है, और जो भी उपलब्ध है उसकी सूचना सरलता से उपलब्ध नहीं हो पाती! दूसरी तरफ उससे संबंधित पठ्न सामग्री की माँग तथा कथित भाषा में शोध करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है! इस प्रकार की समस्या को देखते हुए हिन्दी भाषा में एक ऐसे प्रामाणिक संदर्भ ग्रंथ की आवश्यकता को महसूस किया गया जिससे सभी छात्रों तथा शोध कर्ताओं को सभी महत्वपूर्ण संदर्भ एक ही जगह पर मिल जाएँ! इसलिए सी.डब्ल्यू.डी.एस. पुस्तकालय ने अपनी क्षमता का प्रयोग करते हुए एक ऐसी संदर्भ सूचिका का संकलन व प्रतिपादन करने का निर्णय लिया, जिसमें महिलाओं से संबंधित जीवनियों तथा महिलाओं द्वारा लिखी गई आत्मकथाओं का संकलन है! प्रस्तुत सूचिका में सी.डब्ल्यू.डी.एस. पुस्तकालय में उपलब्ध जीवनी व आत्मकथाओं के अतिरिक्त दिल्ली के अन्य पुस्तकालयों में उक्त विषय से संबंधित उपलब्ध पठ्न सामग्री को भी लिया गया है!

प्रस्तुत संदर्भ सूचिका का संकलन व प्रतिपादन करते हुए उपलब्ध पठ्न सामग्री को इसमें संकलित करने का पूरा प्रयास किया गया है, परंतु फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि सभी उपलब्ध संदर्भ इस सूचिका में सम्मिलित हैं! इस सूचिका में लगभग २१६ प्रविष्टियाँ हैं, तथा इसमें भारतीय महिलाओं के साथ–साथ उन महिलाओं की जीवनियों/आत्मकथाओं को भी लिया गया है जिन्होंने विदेशी हो कर भी भारत को अपनी कर्मभूमि बनाया! इस सूचिका को तीन खंडों में विन्यासित किया गया है! खंड १ में अनुक्रम ,प्रस्तावना, एवं संक्षिप्त सूची (लोकेशन मार्क) दी गई है! खंड २ के भाग एक में एकल प्रविष्टियों वाली जीवनियाँ/आत्मकथाएँ अनुवार्णिक क्रम में संकलित हैं! बहुल प्रविष्टियों वाले संदर्भों का संकलन भाग दो में है! प्रस्तुत सूचिका का प्रतिपादन करते हुए उसमें संकलित प्रविष्टियों की क्रमबद्धता में समरूपता नहीं दिखाई दी, अर्थात कहीं तो एक जीवनी/आत्मकथा की केवल एक ही प्रविष्टि थी और कहीं पर एक से ज़्यादा प्रविष्टियाँ थीं! उदाहरण के लिए इंदिरा गाँधी की ४३ प्रविष्टियाँ हैं जो इस श्रृंखला की सबसे ज़्यादा प्रविष्टियाँ हैं! इस प्रकार की असमानता को देखते हुए सूचिका को दो भागों में विभाजित करने का निर्णय लिया गया!

भाग १ में लगभग ८६ जीवनियों/आत्मकथाओं का संकलन है जो अनुवार्णिक क्रम में व्यवस्थित हैं! पाठकों तथा शोधकर्ताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक प्रविष्टि के साथ उसका सारांश भी दिया गया है, और उस के अंत में संक्षिप्ति (लोकेशन मार्क) दी गई है! इसी प्रकार भाग दो में लगभग २८ महिलाओं की १३० प्रविष्टियाँ दी गई हैं, जिसमें पहले संबंधित चरित्र का नाम उनकी जन्म तिथि और मृत्यु तिथि (यदि है तो) अनुवार्णिक क्रम में दी गई है, फिर उसका सारांश एक पैराग्राफ में दिया गया है, और उसके बाद उससे संबंधित सभी प्रविष्टियाँ अनुवार्णिक क्रम में व्यवस्थित की गई है! शोधकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक भाग के अंत में आत्मकथाकार/जीवनी पात्र की सूची (जन्म तिथि तथा मृत्यु तिथि), नाम अनुक्रमणिका, संकेत शब्द अनुक्रमणिका, एवं भौगोलिक क्षेत्र अनुक्रमणिका दी गई है! खंड ३ में परिशिष्ट के अंतर्गत चयनित पुस्तकालय सूची अनुवार्णिक क्रम में दी गई है!

प्रस्तुत संदर्भ सूचिका का प्रतिपादन करने में दिल्ली शहर में स्थित विभिन्न पुस्तकालयों जहाँ से इस सूचिका के लिए डेटा एकत्रित किया गया है, के सहयोगियों के हम आभारी हैं! इस सूचिका को वेबसाइट पर डालने तथा ऑनलाइन करने में अख़लाक ने अपना पूर्ण सहयोग दिया है!

हम आशा करते हैं कि कथित विषय में शोध करने वाले शोधार्थियों के लिए य्ह संदर्भ सूचिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी!

अंजु व्यास

जनवरी, २०१३

मधु श्री

संक्षिप्त सूची (लोकेशन मार्क)

१. जागोरी	–जागोरी
२. तुलसी सदन लायब्रेरी	–टी.एस.एल.
३. दिल्ली पब्लिक लायब्रेरी	–डी.पी.एल.
४. नेशनल कमीशन फॉर वूमन	–एन.सी.डब्ल्यू.
५. नेहरू मेमोरियल म्यूज़ियम एंड लायब्रेरी	–एन.एम.एम.एल.
६. नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक कोऑपरेशन एंड चाइल्ड डेवेलपमेंट	–निप्सड
७. मारवाड़ी सार्वजनिक पुस्तकालय	–मारवाड़ी पुस्तकालय
८. वी.वी.जी.नेशनल लेबर इंस्टीट्यूट	–वी.वी.जी.एन.एल.आई.
९. वूमन्स स्टडीज़ डेवेलपमेंट सेंटर	–डब्ल्यू.एस.डी.सी.
१०. साहित्य एकेडमी लायब्रेरी	–एस.ए.एल.
११. सेंटर फॉर वूमन्स डेवेलपमेंट स्टडीज़	–सी.डब्ल्यू.डी.एस.
१२. सेंट्रल लायब्रेरी, दिल्ली विश्वविद्यालय	–सेंट्रल लायब्रेरी, डी.यू.
१३. सेंट्रल सेक्रेटरिएट लायब्रेरी	–सी.एस.एल.

भाग – १

जीवनियाँ / आत्मकथाएँ

(एकल प्रविष्टियाँ)

जीवनियाँ / आत्मकथाएँ

भाग–१

००१
अंजली
भारत की बेटी सुनीता विलियम्स.– दिल्लीः सुभाष चन्द्र, २००८.
१२० पृ. मारवाड़ी पुस्तकालय, सी.एस.एल.

अमरीका में जन्मी भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एक ऐसी असाधारण महिला का नाम है जिन्होंने अपनी असाधारण इच्छाशक्ति, दृढ़ता, उत्साह तथा अदम्य साहस से अंतरिक्ष में १६४ दिन, १८ घंटे रह कर विश्व रिकॉर्ड बनाया! प्रस्तुत जीवनी में उनकी उपलब्धियों के साथ–साथ उनके बचपन से जुड़ी यादों और एस.टी.एस. ११६ अभियाान की एक सदस्या के रूप में अमेरिकी अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके योगदान का विवरण प्रस्तुत किया गया है!

००२
अंसल, कुसुम
जो कहा नहीं गया.–दिल्लीः राजपाल, १६६६.
२१५पृ. एन.एम.एम.एल.
अंग्रेज़ी में मासूमा अली द्वारा अनुवादित

अलीगढ़ में जन्मी कुसुम अंसल की ये आत्मकथा उनके जीवन का सारतत्व है जिसमें उन्होंने उन परिस्थितियों का वर्णन किया है जिसने उन्हें लिखने के लिए प्रेरित किया! उन्होंने लगभग दो दर्जन उपन्यास, कविताएँ, तथा लघु कथाएँ लिखीं हैं! दूरदर्शन के लिए इन्होंने कुछ सीरियल भी लिखे हैं! नाटक तथा अभिनय में कुसुम अंसल की आरम्भ से ही रूचि रही है! उन्होंने इप्टा के अनेक नाटकों में काम भी किया है!

००३
अग्रवाल, प्रतिभा
दस्तक ज़िंदगी की.–कोलकाताः प्रस्तुत प्रकाशन, १६६०.
१३० पृ. एन.एम.एम.एल.

यहाँ लेखिका ने अपने जीवन में आए उतार–चढ़ाव तथा रंगमंच के लिए पटकथा लेखन के समय हुए अनुभवों को काग़ज़ पर उकेरा है!

००४
अजीत कौर
कूड़ा–कबाड़ा (आत्मकथा).– नई दिल्लीः किताबघर, १६६६.
१६१पृ. सी.एस.एल..; एन.एम.एम.एल.

बीसवीं सदी की पंजाबी महिला लेखिका अजीत कौर की यह संस्मरणात्मक आत्मकथा है जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक स्थिति का बहुत ही सजीव वर्णन किया है!

००५
अनुजा, मंगला
पत्रकारिता की युग निर्माता हेमंतकुमारी देवी चौधरी.—दिल्लीः प्रभात, २०१०.
८६पृ. एन.एम.एम.एल.

हिंदी की आद्य महिला संपादक एवं पत्रकार हेमंतकुमारी देवी चौधरी का हिंदी पत्रकारिता में यशस्वी स्थान है! उन्होंने रतलाम, मध्यप्रदेश से हिंदी मासिक पत्रिका "सुगृहिणी" का संपादन—प्रकाशन किया! उनका पूरा जीवन हिंदी पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा की सेवा में व्यतीत हुआ है! प्रस्तुत जीवनी में उन्हीं अनुभवों का वर्णन हुआ है!

००६
अनुराधा, आर
इंद्रधनुष के पीछे—पीछेः एक कैंसर विजेता की डायरी.—नई दिल्लीः राधाकृष्ण, २००५.
१५६पृ. सी.एस.एल..; एन.एम.एम.एल.

यह जीवनी कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने वाली एक साहसी महिला की है!

००७
अनुसूया अनु
झलकारी बाई.— नई दिल्लीः प्रकाशन विभाग, १९९३.
११६पृ. एन.एम.एम.एल.

१८५७ के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वीरांगना झलकारी बाई का महत्वपूर्ण योगदान रहा है! उन्होंने समर्पित रूप में न सिर्फ रानी लक्ष्मीबाई का साथ दिया बल्कि झाँसी की रक्षा में अंग्रेजों का सामना भी किया! प्रस्तुत जीवनी में उन्हें एक ऐतिहासिक नायिका के रूप में चित्रित किया गया है!

००८
आमटे, साधना
समिधा/द्वारा अनुवादित एम. बी शाह.—मुंबईः पॉपुलर, २००३.
२२७पृ. एन.एम.एम.एल.

"समिधा" साधना आमटे और उनके पति बाबा आमटे की एक ऐसी आत्मकथा है जिसमें समस्त मानव जाति के लिये किए गए संघर्ष, उससे उपजे तनाव तथा सफलता का अद्‌भुत व रोमांचकारी वर्णन है!

००९
उषा, पी टी
स्वर्ण पदक विजेता पी टी उषा की आत्मकथा/द्वारा अनुवादित विश्व प्रकाश दीक्षित.— दिल्लीः सरस्वती, १९८८.
१५५पृ. एन.एम.एम.एल.

भारतीय ट्रैक और फील्ड की रानी मानी जाने वाली पी टी उषा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक धाविका के रूप में भारत के लिए केरल का और विश्व के लिए भारत का अमूल्य उपहार हैं! प्रस्तुत आत्मकथा में उनकी नवें दशक में प्राप्त सफलताओं और ख्याति का वर्णन है! उन्हें "उड़न परी" का खिताब दिया गया है!

०१०
एग्निस, फ्लेविया
परवाज़ः टूटी–बिखरी जिंदगी को संवारने की मेरी कहानी, हम सबकी कहानी/द्वारा संपादित एवं अनुवादित नसीरुद्दीन हैदर खान.– दिल्लीः दानिश, २००८.
१०७पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस., सेन्ट्रल लायब्रेरी(डी.यू.)

घरेलू हिंसा के लिए किए गए अपने संघर्ष को फ्लेविया एग्निस ने अपनी आत्मकथा में कलमबद्ध किया है!

०११
कड़कीआ, शीला
अमृतस्य कन्याः आचार्य विनोबा के आश्रम की अनन्य साधिका सुशीला के साधनामय जीवन की गाथा.–नई दिल्लीः सस्ता साहित्य मंडल, १९८७.
११६पृ. एन.एम.एम.एल.

यह जीवनी परंपरागत जीवनी न हो कर सुशीला बहन के दुद्धुर्ष साधना का रोमांचकारी तथा प्रेरणादायक विवरण है!

०१२
कांबले, शान्ता कृष्ण
आत्मकथा नाजा/द्वारा अनुवादित रजनी तिलक.– दिल्लीः दानिश, २००९.
१४८ पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.
मूल मराठी "माझी जन्माची चित्रकथा" से अनुवादित

मूलतः मराठी में लिखी गई यह आत्मकथा वस्तुतः शांता कांबले की आपबीती है, जिसमें उपेक्षा, अभाव और अछूत होने का दर्द है! प्रस्तुत आत्मकथा भारतीय समाज में गहरे जड़ जमाए बैठी, सदियों से चली आ रही जाति व्यवस्था पर चोट करती है! लेखिका ने अपने समाज के भीतर मौजूद समस्याओं और जड़ताओं का बेबाकी से वर्णन किया है!

०१३
किदवई, अनीस
आज़ादी की छाँव में.–नई दिल्लीः नेशनल बुक ट्रस्ट, १९९०.
३४०पृ. एन.एम.एम.एल.

प्रस्तुत आत्मकथा बेगम अनीस किदवई का वह आत्म संस्मरण है जिसमें उन्होंने भारत विभाजन के दौरान हुई हिंसा का मर्मस्पर्शी वर्णन किया है!

०१४
केला, भगवानदास
वनब्रह्मचारिणी कुंती देवीः जीवन–चरित्र.– वृंदावनः भारतीय ग्रंथमाला, १९२७.
२२४पृ. एन.एम.एम.एल.

हिंदु परंपरा में रानी कुंती का चरित्र आदरणीय रहा है! कुंती ओजस्वी चरित्र की स्वामिनी थीं! प्रस्तुत जीवन चरित्र में कुंती को एक पवित्र और निष्ठावान स्त्री के रूप में चित्रित किया गया है!

०१५
कैफी, शौकत
याद की रहगुज़र.– नई दिल्लीः राजकमल, २००६.
१४६पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.

"याद की रहगुज़र" शौकत कैफ़ी की वह दास्तान है जिसमें उनके पति मशहूर शायर कैफ़ी आज़मी तथा उन के बच्चों शबाना आज़मी और बाबा आज़मी के खूबसूरत और दिलचस्प किस्से हैं! जीवन के ठंडे और गरम मौसमों की तस्वीरें, मानव मन का रोमांस, और हिम्मत और विजय की भावना से ओत–प्रोत बहुरंगी अनुभवों का बयान इस आत्मकथा में है!

०१६
कौल, जयालाल
लाल देद/द्वारा अनुवादित शिबन कृष्ण रैना.– नई दिल्लीः साहित्य अकादमी, १९८०.
१०७पृ. एन.एम.एम.एल.

कश्मीरी रहस्यवादी कविता की रचयिता लल्लेश्वरी कश्मीरी साहित्य की विख्यात कवयित्री, सूफी संत और भगवान शिव की उपासक थीं! अपने विवाह–विच्छेद के बाद से ही उन्होंने अपना जीवन शिव की उपासना तथा मानव कल्याण में लगा दिया था! प्रस्तुत जीवनी में कश्मीरी संस्कृति और कश्मीर के लोगों के धार्मिक और सामाजिक विश्वास के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान का वर्णन है!

०१७
कौल, क्षमा
समय के बाद (मेरी डायरी).–नई दिल्लीः अनिल, १९९६.
९६पृ. एन.एम.एम.एल.

कश्मीर में भयंकर नरसंहार के बाद के भयावह जीवन का चित्रण लेखिका ने अपने इस संस्मरण में किया है!

०१८
खेतान, प्रभा
अन्या से अनन्या.– नई दिल्लीः राजकमल, २०१०.
२८७ पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.; सी.एस.एल.

अपनी ईमानदारी के अनेक स्तरों पर एक बेहद बेबाक, वर्जनाहीन और उत्तेजक यह आत्मकथा प्रभा खेतान का निजी दस्तावेज है!

०१९
खोटे, दुर्गा
मैं, दुर्गा खोटे/द्वारा अनुवादित कुसुम तांबे.– नई दिल्लीः राधाकृष्ण, १९८३.
२०५ पृ. एन.एम.एम.एल.; सी.एस.एल.

मूल मराठी "मी दुर्गा खोटे" से हिंदी में अनुवादित

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मनित दुर्गा खोटे हिंदी तथा मराठी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं! अपने उच्चकोटि के अभिनय के लिए उन्हें "दादा साहेब फ़ालके" अवार्ड भी मिला था! हिंदी सिनेमा के इतिहास में अपने ५० सालों के अनुभवों का रोचक वर्णन उन्होंने अपनी इस आत्मकथा में किया है!

०२०
गर्ग, दामोदर लाल
चित्तौड़ की ज्वाला–रानी पद्मिनी.– जयपुरः अनु, २००८.
७१पृ. सी.एस.एल., वी.वी.जी.एन.एल.आई.

अभूतपूर्व सौंदर्य एवं अदम्य साहस की प्रतिमा रानी पद्मिनी चित्तौड़ की महारानी थीं! उनके साहस और बलिदान की गौरवगाथा का वर्णन प्रस्तुत जीवनी में हुआ है!

०२१
गर्ग, दामोदर लाल
राजधात्री पन्ना गूजरी.– जयपुरः ग्रन्थ विकास, २००६.
८५पृ. सी.एस.एल.

स्वामिभक्ति और अद्भुत साहस का मेल पन्ना धाय की इस जीवनी में देखने को मिलता है!

०२२
गायत्री देवी
मेरी स्मृतियाँ.– जयपुरः क्लासिक, १९९४.
२३५पृ. एन.एम.एम.एल.

जयपुर की राजमाता महारानी गायत्री देवी के इस संस्मरण में उनके आरम्भिक जीवन, जयपुर के महाराजा से विवाह और राजनीतिक अनुभवों का वर्णन मिलता है!

०२३
गुप्ता, राकेशनंदिनी
गोधूलि की परछाइयाँ.–दिल्लीः नवचेतन, २००३.
१४२पृ. सी.एस.एल.

कवयित्री की प्रेमिल, आत्मीय और अनात्मीय अनुभूतियों के साथ–साथ ये संस्मरण हमें उनकी सामाजिक और मानवीय चिन्ताओं से भी परिचित कराते हैं!

०२४
गोस्वामी, इंदिरा
ज़िंदगी कोई सौदा नहीं (आत्मकथा)/द्वारा अनुवादित नीता बनर्जी.–दिल्लीः सरस्वती, १९९२.
१८३पृ. एन.एम.एम.एल.
मूल अंग्रेज़ी "लाइफ इज़ नो बार्गेन" से हिंदी में अनुवादित

इंदिरा गोस्वामी असमी साहित्य की प्रसिद्ध लेखिका थीं! उन्होंने अपने लेखन के द्वारा अपनी–अपनी जातीय अस्मिता के लिए संघर्ष कर रहे लोगों और राजनीतिक नेतृत्व के बीच संवाद का सेतु बनाने की पहल की! उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी का परिचय प्रस्तुत आत्मकथा में मिलता है, जिस में उन्होंने अपनी ज़िन्दगी के तमाम संघर्षों पर रोशनी डाली है!

०२५
गौड़, संजय एवं चतुर्वेदी, प्रतिमा
महारानी से राजरानी वसुंधरा राजे.– जयपुरः बुक एनक्लेव, २००४.
१७६पृ. सी.एस.एल.

ग्वालियर के राजघराने में जन्मी तथा राजस्थान के धौलपुर की महारानी वसुंधरा राजे के सामाजिक एवं राजनीति के गंभीर चिंतन का दस्तावेज बनी इस जीवनी में उनके "महारानी से राजरानी" बनने तक के सफर को कम शब्दों में समेट कर हिंदी वर्ग के पाठकों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया है!

०२६
चंद्रकांता
हाशिये की इबारतें.–नई दिल्लीः राजकमल, २००६.
२०८पृ. एन.एम.एम.एल.

स्त्री के चेतन और अवचेतन में प्रवेश करने की कोशिश लेखिका ने इस आत्मकथा द्वारा की है!

०२७
चट्टोपाध्याय, पूर्णानंद
कवि पत्नी मृणालिनी.– कोलकाताः आनंद, १६८४.
७२पृ. एन.एम.एम.एल.

मृणालिनी देवी टैगोर का जन्म जैसोर, बांगलादेश में हुआ था! बारह वर्ष की आयु में उनका विवाह रबीन्द्रनाथ टैगोर से कोलकाता में हुआ था! वह देखने में बिल्कुल साधारण और एक तरह से निरक्षर थीं! विवाह के बाद उन्हें लोरेटो स्कूल में दाखिल किया गया! प्रस्तुत जीवनी में उनके बचपन और वैवाहिक जीवन का वर्णन किया गया है!

०२८
चुग़ताई, इस्मत
काग़ज़ी है पैरहन/द्वारा अनुवादित इफ्तिख़ार अंजुम.–नई दिल्लीः राजकमल, १६६८.
२६६पृ. सी.एस.एल.;एन.एम.एम.एल.

पद्मश्री से विभूषित इस्मत चुग़ताई उर्दू साहित्य की सबसे विवादास्पद और सर्वप्रमुख लेखिका थीं जिन्होंने मुस्लिम समाज की महिलाओं की मनोदशा और उनके जीवन में आने वाली समस्याओं को अपने उपन्यासों और कहानियों का विषय बनाया! उनकी रचनाओं में सबसे आकर्षित करने वाली बात उनकी निर्भीक शैली थी, इसका उदाहरण उनकी विवादास्पद कहानी "लिहाफ़" है जिसमें उन्होंने महिलाओं के बीच समलैंगिकता के मुद्दे को उठाया थ! उनकी इस आत्मकथा में एक पूरे समाज और समय का सजीव, जीवन्त और प्रामाणिक वर्णन है!

०२९
जगजीवनराम, इंद्राणी
देखी सुनी बीती बातें.—नई दिल्लीः जगजीवन विद्या भवन, १९९४.
२भाग(भाग१ः २१८पृ.; भाग २ः २७४पृ.) एन.एम.एम.एल.

कानपुर, उत्तर प्रदेश में जन्मी इंद्राणी देवी जगजीवनराम एक अध्यापिका, एक स्वतंत्रता सेनानी तथा एक समाज सेविका थीं! भारत के प्रथम दलित प्रधानमंत्री श्री जगजीवनराम जी से विवाह के उपरांत उनके साथ मिलकर "सविनय अवज्ञा आंदोलन" तथा "भारत छोड़ो आंदोलन" में उन्होंने अपना सक्रिय योगदान दिया! प्रस्तुत आत्मकथा में उन्होंने अपने बचपन से लेकर वर्तमान जीवन की खट्टी—मीठी अनुभूतियों का सहज चित्रण प्रस्तुत किया है!

०३०
जैन, जयकुमार
शाँति तायलः एक जीवन, एक कहानी.—हिसारः अभिराम, १९९८.
२६३पृ. एन.एम.एम.एल.

समाज सेविका के रूप में शाँति तायल का जीवन उस पथिक की भाँति है जो अपनी राह चलता हुआ मार्ग में पड़े शूल को अनदेखा कर अपनी मंज़िल की ओर बढ़ता जाता है! उन्होंने समाज के लिए जो कुछ भी किया उसी का अनुभव इस जीवनी द्वारा पाठकों तक पहुँचाने की कोशिश की गई है!

०३१
झुनझुनवाला, शीला
कुछ कही, कुछ अनकही.—दिल्लीः सारांश, २०००.
४३२पृ. एन.एम.एम.एल.

एक लेखक, पत्रकार और एक समीक्षक की अंतर्दृष्टि से समसामयिक राजनीति और शासन तंत्र को लेखिका ने न केवल करीब से देखा है, बल्कि झेला भी है और अपने निष्कर्ष भी निकाले हैं! शीला झुनझुनवाला की इस आत्मकथा में उन उपलब्धियों, अनुभवों, संघर्षों तथा घटनाचक्रों का वर्णन है जो आज भी समाज में कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में लोगों के साथ घटते रहते हैं!

०३२
डंगवाल, प्रमेश
हिम्मत है! (किरन बेदीः एक जीवनी)/द्वारा अनुवादित सरोज वशिष्ठ.—नई दिल्लीः राजकमल, १९९६.
२४८पृ. एन.एम.एम.एल

किरन बेदी भारतीय पुलिस सेवा में आने वाली तथा पुलिस महानिदेशक के पद पर पहुँचने वाली देश की पहली महिला अधिकारी हैं! तिहाड़ जेल की महानिरीक्षक बनने के बाद उन्होंने कैदियों के प्रति सुधारात्मक रवैया अपनाते हुए योग, ध्यान, व संस्कारों की शिक्षा दे कर उनके जीवन को सुधारने का एक मिशन भी चलाया जो काफी कामयाब हुआ! संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यह एक ऐसी महिला की कहानी है जो हमेशा नदी के बहाव के विरूद्ध तैरना पसंद करती है, भले ही वह प्रतिकूल धारा कितनी भी तेज क्यों न हो!

०३३
तिलक, लक्ष्मीबाई
स्मृति के चित्र/द्वारा अनुवादित रामचन्द्र रघुनाथ सरवाटे.–दिल्लीः साहित्य अकादमी, १९७०.
४६४पृ. सी.एस.एल.
मूल मराठी "स्मृतिचित्रे" से अनुवादित

विख्यात लेखिका एवं कवयित्री लक्ष्मीबाई तिलक का मराठी साहित्य ने बहुत नाम है! अल्प शिक्षित होते हुए भी उन्होंने बहुत ही सुन्दर कविताएँ लिखी और मराठी में अपनी जीवन्त आत्मकथा लिखी!

०३४
तिवारी, विनायक
एक आदर्श महिलाः स्वर्गीय अवंतिकाबाई गोखले के सेवामय जीवन की कहानी.– नई दिल्लीः सत्साहित्य, १९५८.
९१पृ. एन.एम.एम.एल.

महात्मा गाँधी की पहली महाराष्ट्रीय शिष्या, और मराठी में गाँधी जी का जीवन–चरित लिखने वाली श्रीमती अवंतिकाबाई गोखले का जीवन–चरित एक ऐतिहासिक दस्तावेज है! उन्हें स्त्री शिक्षा का आदर्श माना जाता है! उन्होंने एक समाज सेविका के रूप में हिंद महिला समाज की स्थापना के साथ–साथ राष्ट्रीय आंदोलन में भी अपना योगदान दिया था!

०३५
दत्त, गुरुसदय
सरोज नलिनी दत्त का संक्षिप्त जीवन.– कोलकाताः द् बुक, १९२५.
१२५पृ. एन.एम.एम.एल.

एक शिक्षिका, स्वतंत्रता सेनानी एवं एक समाज सेविका के रूप में सरोज नलिनी दत्त का सजीव चित्रांकन लेखक ने किया है! महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए किए गए कार्यों के लिए उन्हें बंगाल में विशेष रूप से याद किया जाता है!

०३६
दास, कमला
मेरी कहानी.–दिल्लीः हिन्द पॉकेट बुक्स, २०१०.
२२०पृ. एन.एम.एम.एल.

सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका कमला दास ने प्रस्तुत आत्मकथा में अपनी आत्मा को उकेरा है! अपने माता–पिता एवं पति के परिवार से प्यार की कमी एवं असुरक्षा की भावना ने इन्हें स्वभाव से विद्रोही बना दिया था, जिसकी वजह से उनका कई व्यक्तियों से संबंध रहा है! इसी विद्रोही स्वभाव का वर्णन उन्होंने प्रस्तुत आत्मकथा में किया है!

०३७
दीक्षित, अर्चना
विविध विषय विदूषी प्रो. प्रेमलता शर्माः व्यक्तित्व एवं कृतित्व.– वाराणसीः अर्चना दीक्षित, २००२.
२०१ पृ. सी.एस.एल.

पंजाब में जन्मी परमविदूषी, चिंतिका, संगीतज्ञ, एवं बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न प्रेमलता शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय इस जीवनी में दिया गया है! संगीतशास्त्र को आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय में अध्ययन एवं शोध के क्षेत्र में पूर्ण प्रतिष्ठा दिलाने का जो कार्य उन्होंने किया है वह उन्हें अमर बनाने के लिए पर्याप्त है!

०३८
दीवान, मनोरमा
आज़ादी की बस्ती.—नई दिल्लीः रेमाधव, २००६.
१७१पृ. सी.एस.एल.

प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और लेखिका मनोरमा दीवान की यह आत्मकथा भारत की आज़ादी के लिए लड़े जाने वाले संघर्ष का एक अलग नज़रिये से देखा गया दस्तावेज है!

०३९
देसाई, माधवी
नाच री घुमा/द्वारा अनुवादित प्रतिभा मुदलियार.—दिल्लीः अभिरूची, १९९४.
२८१पृ. एन.एम.एम.एल.
मूल मराठी "नाच ग घुमा" से हिंदी में अनुवादित

महाराष्ट्र में जन्मी माधवी देसाई एक अध्यापिका हैं जिहोंने महाराष्ट्र के एक पारंपरिक खेल "नाच री घुमा" के माध्यम से अपने जीवन की कहानी व्यक्त की है!

०४०
पाठक, एस पद्मजा
शिक्षणतोज्ञा ताराबाई मोदक.—मुंबईः मेजिस्टर बुक्स, १९८१.
४४३पृ. एन.एम.एम.एल.

पद्मभूषण से सम्मानित, मोंटेसरी शिक्षा का प्रारम्भ करने वाली शिक्षाविद्, एक समाज सेविका और एक क्रांतिकारी महिला के रूप में ताराबाई मोदक का नाम अग्रणी है!

०४१
पाठक, प्रज्ञा
सरलाः एक विधवा की आत्मजीवनी.—दिल्लीः परमेश्वरी, २००८.
८४पृ. सी.एस.एल.

इस प्रकार की आत्मजीवनी हिंदी में किसी स्त्री के द्वारा आत्मकथा लिखने का पहला प्रयास है, इसलिए यह ऐतिहासिक भी है! यह इक्कीसवीं सदी की किसी नारीवादी महिला की आत्मकथा नहीं है, बल्कि एक सामान्य स्त्री की आपबीती है!

०४२
पाल, प्रकाशवती
लाहौर से लखनऊ तकः संस्मरण.—लखनऊः विप्लव कार्यालय, १९९४.

२०५पृ. एन.एम.एम.एल.

प्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक एवं विचारक यशपाल की पत्नी श्रीमती प्रकाशवती पाल ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के अनुभवों को अपने संस्मरण द्वारा व्यक्त किया है!

०४३
पुरी, स्वामी तुरीयामृतानंद
अमृतांजली.—कोलमः माता अमृतानंदमयी मिशन ट्रस्ट, १९९६.
१०४पृ. एन.एम.एम.एल.

केरल के एक गाँव में जन्मी माता अमृतानंदमयी देवी अपने मानवतावादी क्रियाशीलता के लिए समस्त विश्व में विख्यात एक महिला संत हैं, जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया है! सारे संसार में उन्हें अम्मा के नाम से जाना जाता है! प्रस्तुत जीवनी में उनके बचपन से लेकर वर्तमान जीवन की चर्चा की गई है!

०४४
प्रीतम, अमृता
रसीदी टिकटः आत्मकथा.—दिल्लीः पराग, १९८६.
१५२पृ. एन.एम.एम.एल.;एस.ए.एल.

पंजाब के गूजराँवाला जिले में जन्मी अमृता प्रीतम को पंजाबी भाषा की सबसे पहली कवयित्री माना जाता है! वह एक कवयित्री होने के साथ—साथ एक प्रसिद्ध लेखिका भी थीं! उन्होंने कुल मिलाकर लगभग सौ पुस्तकें लिखी हैं जिनमें उनकी आत्मकथा "रसीदी टिकट" भी शामिल है! उन्होंने वर्जनाओं को न मानते हुए अपना जीवन बिंदास हो कर जिया, और जो कुछ भी किया उसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया! उनका यह साहस और बेबाकीपन उनकी इस आत्मकथा में दृष्टिगोचर हुआ है!

०४५
बख्शी, कमला
स्मृतियों के सान्निध्य में/द्वारा अनुवादित मीरा काँत.— नई दिल्लीः देव, १९९५.
२६५पृ. एन.एम.एम.एल.

हरियाणा के झज्जर जिले में जन्मी प्रसिद्ध समाज सेविका कमला बख्शी ने अपनी आत्मकथा में अपने आरम्भिक जीवन तथा समाज सेवा से जुड़े अनुभवों को कलमबद्ध किया है!

०४६
बजाज, जानकी देवी
मेरी जीवन यात्रा.—नई दिल्लीः सस्ता साहित्य मंडल, १९६५.
२२८पृ. एन.एम.एम.एल.

मध्यप्रदेश के एक मारवाड़ी परिवार में जन्मी जानकी देवी बजाज एक स्वतंत्रता सेनानी थीं जो १९३२ में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान जेल गईं! स्वतंत्रता आंदोलन के साथ—साथ उन्होंने महिलाओं के उत्थान तथा हरिजनों की स्थिति में सुधार के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए! स्वतंत्रता के बाद विनोबा भावे के साथ

मिलकर उन्होंने भूदान आंदोलन में भी सक्रिय योगदान दिया! अपनी आत्मकथा में उन्होंने मुख्यतः स्वतंत्रता संग्राम के अपने अनुभवों को कलमबद्ध किया है!

०४७
बासु, कृष्णा
स्मृति बिस्मृति, १९४७.– कोलकाताः आंध्र पब्लिशर्स, १९९४.
९२पृ. एन.एम.एम.एल.

प्रसिद्ध कवयित्री कृष्णा बासु का आधुनिक बंगला साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है! उनकी कविताओं में भारतीय पारंपरिकता तथा आधुनिकता का अद्‌भुत सामंजस्य दिखाई देता है!उनकी कविताओं और लेखों में पुरूष प्रधान समाज द्वारा सताई जा रही पीड़ित स्त्रियों की स्थिति में सुधार लाने का सतत प्रयास दिखाई देता है! प्रस्तुत आत्मकथा में उनके सामाजिक और साहित्यिक जीवन की चर्चा की गई है!

०४८
बुद्धिराजा, राज
कुछ खरा कुछ खोटा.–दिल्लीः परमेश्वरी, २००५.
१२०पृ. सी.एस.एल.

राज बुद्धिराजा सुविख्यात शिक्षाविद् एवं बंगला साहित्य की प्रसिद्ध साहित्यकार हैं! आज के अत्याधुनिक भारतीय समाज की प्राचीन संस्कृति को मिट्‌टी में मिलते हुए देखकर उनके मन में जो पीड़ा जागृत होती है, उसी को उन्हौने अपनी आत्मकथा का आधार बनाया है!

०४९
भंडारी, मन्नू
एक कहानी यह भी.– नई दिल्लीः राधाकृष्ण, २००९.
२२७ पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.

मध्यप्रदेश में मंदसौर जिले के भानपुरा गाँव में जन्मी मन्नू भंडारी हिन्दी साहित्य लेखन में एक जाना–माना नाम हैं! अपनी आत्मकथा में उन्होंने अपनी जीवन–स्थितियों के साथ–साथ अपने दौर की कई साहित्यिक–सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर भी रोशनी डाली है!

०५०
मनीष कुमार
एम. एस. सुबुलक्ष्मी.– दिल्लीः चिल्ड्रन बुक टेम्पल, २००६.
२४ पृ. निप्सड

मदुरई, तमिलनाडू में जन्मी एम एस सुबुलक्ष्मी कर्नाटक संगीत की एक प्रसिद्ध गायिका हैं! परिवार में संगीतमय वातावरण होने के कारण बचपन से ही इन्हें संगीत में रूचि थी! इन्होंने बहुत छोटी उम्र से कर्नाटक संगीत की शिक्षा आरम्भ की और संगीत के क्षेत्र में अपनी गायिकी का सिक्का जमा दिया! अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त इन्होंने भारत की अन्य भाषाओं में भी गाने गाए! इन्होंने तमिल सिनेमा में अभिनय भी किया! इनके इन्हीं विविध रूपों का वर्णन प्रस्तुत जीवनी में किया गया है!

०५१
माधव, नीरजा
अवर्ण महिला कांस्टेबल की डायरी.– नई दिल्लीः राधाकृष्ण, २०१०.
१३६ पृ. डी.पी.एल.

०५२
माली, एम जी
क्रान्ति ज्योति–सावित्री बाई फुले.– नई दिल्लीः प्रकाशन विभाग, १९८६.
४९पृ. एन.एम.एम.एल.

महाराष्ट्र में जन्मी क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला अध्यापिका व नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता थीं जिन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के सहयोग से देश में महिला शिक्षा की नींव रखी! समाज में फैली छुआ–छूत, सती प्रथा, बाल–विवाह तथा विधवा–विवाह निषेध जैसी कुरीतियों तथा कुप्रथाओं का अंत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था! एक "युगस्त्री" के रूप में उनका जीवन–चरित प्रस्तुत जीवनी में चित्रित किया गया है!

०५३
मेहता, कृष्णा
आपबीतीः कश्मीर पर हमला और उसके बाद.–नई दिल्लीः सस्ता साहित्य मंडल, १९९१.
१५१पृ. एन.एम.एम.एल

कश्मीर के तत्कालिक जिलाधीश स्व. दुनीचंद मेहता की मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी कृष्णा मेहता और उनके बच्चों को कितनी भीषण और मार्मिक परिस्थितियों से गुजरना पडा, उसका विशद वर्णन लेखिका ने इस आत्मकथा में किया है!

०५४
मेहता, जयवंतीबेन
एक अविराम यात्रा.–नई दिल्लीः प्रभात, २०१०.
२२६पृ. एन.एम.एम.एल.
मूल अंग्रेज़ी "मार्चिंग विथ टाईम" से अनुवादित

औरंगाबाद, महाराष्ट्र में जन्मी जयवंतीबेन मेहता एक समाज सेविका तथा जानी मानी राजनीतिज्ञ हैं! प्रस्तुत आत्मकथा में उन्होंने अपने सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन का वर्णन किया है!

०५५
मेहरोत्रा, दीप्ति प्रिया
इरोम शर्मिला और मणिपुरी जनता की साहस यात्रा.– दिल्लीः दानिश, २००९.
१५५ पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.

इरोम शर्मिला की कहानी मणिपुर की कहानी है! प्रस्तुत जीवनी में खूबसूरत किंतु हिंसाग्रस्त प्रदेश के इतिहास व जन–संघर्षो, खासकर महिला आंदोलनों का जीवंत और मार्मिक चित्रण है!

०५६
रस्तोगी, दुर्गाप्रसाद
माननीय श्रीमती पंडित.–प्रयागः रस्तोगी प्रकाशन भवन, १९९६.
२५६पृ. एन.एम.एम.एल

इलाहाबाद में नेहरु परिवार में जन्मी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित पहली भारतीय महिला राजदूत एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष थीं! स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता! उनके इसी व्यक्तित्व का प्रभावपूर्ण वर्णन इस जीवनी में किया गया है!

०५७
राजगुरु, नरेन्द्र
मीना कुमारी–दर्द की खुली किताब.–नई दिल्लीः हिन्दी बुक सेन्टर, २००४.
१९३पृ. सी.एस.एल.

हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री मीना कुमारी के बारे में जो कुछ भी इस दास्तान में लिखा गया है वह सब सत्यता के दायरे में रह कर लिखा गया है! उनकी काफी कड़वी मीठी बातें इस आलेख में शामिल हैं!

०५८
राससुंदरी दासी
मेरा जीवन/द्वारा संपादित और अनुवादित सुधा सिंह.– नई दिल्लीः स्वराज प्रकाशन, २०१०.
१४४पृ. सी.एस.एल.
मूल बांगला "आमार जीबोन" से अनुवादित

"आमार जीबोन" शीर्षक से सन् १८७६राससुंदरी देवी की यह आत्मकथा बंगला में पहली बार प्रकाशित हुई थी! इस आत्मकथा के जरिए स्त्री की अस्मिता व तत्कालीन समाज में उसके स्थान तथा दशा पर विस्तृत टिप्पणी की गई है!

०५९
लाजवंती देवी
नूरजहाँ .–दिल्लीः रचना, २००४.
१२८ पृ. सी.एस.एल.

भारत के इतिहास में नूरजहाँ का व्यक्तित्व बड़ा ही मनमोहक रहा है! बेगम नूरजहाँ बहुमुखी प्रतिभा की धनी थीं! असाधारण सुंदरी होने के साथ–साथ वह बुद्धिमती, शील और विवेकसंपन्न भी थीं! उन्होंने प्रशासन और राजनीति में अपनी क्षमता बखूबी सिद्ध की थी! उनके इसी अद्‌भुत व्यक्तित्व का चित्रण इस जीवनी में हुआ है!

०६०
वाडकर, हंसा
अभिनेत्री की आपबीती/द्वारा अनुवादित विजय बापत.–दिल्लीः राजगोपाल, १९७२.
११४पृ. एन.एम.एम.एल.

तेरह साल की उम्र से ही अभिनय के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हंसा वाडकर एक जानी मानी अभिनेत्री और पटकथा लेखिका हैं! इस क्षेत्र में शुरू से लेकर अंत तक जितना संघर्ष किया है उसी का वर्णन उनकी इस आपबीती में है!

०६१
विजय
ब्रजविभव की अपूर्व श्री भक्तिमती उषा बहिन जी.—वृंदावनः ब्रजनिधि, १९९४.
७३२पृ एन.एम.एम.एल.

अंबाला, पंजाब में जन्मी श्री भक्तिमती उषा बहिनजी का जीवन कृष्ण भक्ति का पर्याय रहा है! प्रस्तुत जीवनी में उनकी भक्ति और अनुभवों का अभूतपूर्व चित्रण किया गया है!

०६२
वेद कुमारी
मेरे संस्मरणः वह नये युग का उषाकाल था.—कोलकाताः सत्यपाल थापर, १९६६.
४७पृ. एन.एम.एम.एल

०६३
शास्त्री, उर्मिला
कारागार.— नई दिल्लीः साहित्य अकादेमी, १९९८.
८७पृ. सी.एस.एल.; एन.एम.एम.एल.
मूल पुस्तक गुजराती में

उर्मिला शास्त्री एक स्वतंत्रता सेनानी थीं! भारत स्वतंत्रता संग्राम में गाँधीजी द्वारा चलाये गए सविनय अवज्ञा आंदोलन एवं सत्याग्रह आंदोलन में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा! जेल में वहाँ के कर्मचारियों द्वारा कैदियों तथा स्वयं लेखिका के साथ हुए क्रूर और अमानवीय व्यव्वहार का मर्मस्पर्शी वर्णन प्रस्तुत कृति में हुआ है!

०६४
शास्त्री, वेदव्रत
रत्नावली, गोस्वामी तुलसीदास की पत्नीः जीवनचरित्र तथा रचनाएँ.—लखनऊः उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, १९९०.
७१पृ. एन.एम.एम.एल.

तुलसीदास द्वारा त्यागे जाने पर रत्नावली ने जिन रचनाओं के माध्यम से अपनी व्यथा व्यक्त की है, उसी का भावपूर्ण वर्णन और उनका जीवन—चरित्र प्रस्तुत जीवनी में मिलता है!

०६५
शेठना, खोर्शेद अदी
मैडम भीखई रुस्तम कामा.—नई दिल्लीः प्रकाशन विभाग, १९९२.
१५१पृ. एन.एम.एम.एल.

पारसी परिवार में जन्मी भारतीय मूल की फ्रांसीसी नागरिक मैडम भीखई रुस्तम कामा एक स्वतंत्रता सेनानी

के साथ–साथ एक समाज सेविका भी थीं! ब्रिटेन में रह कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया! प्रस्तुत जीवनी में उनके अंग्रेजों के प्रति क्रोध और स्वदेश प्रेम की भावना का चित्रण है!

०६६
सक्सेना, प्रभा
उषादेवी मित्राः व्यक्तित्व एवं कृतित्व.– जयपुरः पंचशील, १९८४.
२८९पृ. एस.ए.एल

बंगला साहित्य की जानी–मानी लेखिका उषादेवी मित्रा की जीवन कथा उनके साहित्य के माध्यम से चित्रित की गई है!

०६७
सचदेव, पद्मा
बूँद–बावड़ी.–नई दिल्लीः वाणी, १९९९.
३६४पृ. एन.एम.एम.एल.

पद्मश्री सम्मान से सम्मानित पद्मा सचदेव डोगरी भाषा की पहली महिला कवयित्री और लेखिका हैं! उन्होंने जम्मू और कश्मीर रेडियो में स्टाफ कलाकार के पद पर और बाद में दिल्ली रेडियो में डोगरी समाचार वाचक के रूप में भी कार्य किया था! उनकी आत्मकथा आपबीती भी है और जगबीती भी है!

०६८
सधीर, जोगेश्वरी
जमुना किनारे मोरा गाँव (संस्मरण).–लोनीः अनीता, २००९.
१२०पृ. सी.एस.एल.

०६९
सहगल, नयनतारा
मेरे बचपन की कहानी/द्वारा अनुवादित मुकुन्दीलाल श्रीवास्तव.–वाराणसीः ज्ञानमंडल. १९९७.
२६१पृ. डी.पी.एल.; सी.एस.एल.

श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित की सुपुत्री श्रीमती नयनतारा ने अपने बचपन की घटनाओं का वर्णन प्रस्तुत आत्मकथा में किया है!

०७०
सहगल, लक्ष्मी
स्वतंत्रता संग्राम से समाजवाद के संघर्ष तकः मेरी जीवन यात्रा/द्वारा अनुवादित आशा कुमार.– लखनऊः कम्युनिस्ट पार्टी, १९८३.
१५९पृ. एन.एम.एम.एल.; डब्ल्यू.एस.डी.सी

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की सक्रिय कार्यकर्ता, डा.लक्ष्मी सहगल भारत की उन महान महिलाओं में से एक थीं जो बहादुरी और सेवा भावना की अद्भुत मिसाल हैं! वह आज़ाद हिन्द फौज की अधिकारी तथा रानी लक्ष्मीबाई रेजीमेंट की कमांडर थीं! उन्होंने "आज़ाद हिन्द सरकार" में महिला मामलों की मंत्री के रूप में भी कार्य किया था! अपनी आत्मकथा में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े अनुभवों का वर्णन किया है!

०७१
सालिम, हमीदा
यादें/द्वारा अनुवादित परवेज़ गौहर.—नई दिल्लीः प्रकाशन संस्थान, २००६.
३०४पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.
मूल उर्दू "शोरिश—ए—दौरां" से अनुवादित

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में जन्मी हमीदा सालिम की ज़िंदगी उर्दू जगत की महान हस्तियों के साथ बीती! साहित्य और लेखन के क्षेत्र में वह काफी लंबे समय से सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करती आ रही हैं! अपनी आत्मकथा में उन्होंने अपने जीवन—वृतांत को बड़ी सादगी से प्रस्तुत किया है!

०७२
सिंधिया, विजयराजे
राजपथ से लोकपथ पर.— दिल्लीः प्रभात, १९९७.
३४०पृ. सी.एस.एल.; एन.एम.एम.एल.; एस.ए.एल.

विजयराजे सिंधिया को ग्वालियर की राजमाता के रूप में जाना जाता है! पहले कांग्रेस पार्टी और बाद में भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में लोगों के दिलों पर राज किया! उनका संबंध एक राजपरिवार से था! अपनी ईमानदारी, सादगी और प्रतिबद्धता के कारण वह जनसाधारण की सर्व प्रिय नेता थीं! इस जीवनी में उनके राजसी जीवन के साथ—साथ राजनीतिक जीवन का भी वर्णन है!

०७३
सिन्हा, बिंदु
प्रभा स्मृति.—वाराणसीः सर्व सेवा संघ, १९७४.
३००पृ. सी.एस.एल.

जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती देवी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जो योगदान दिया था उसी का वर्णन इस जीवनी में किया गया है!

०७४
सिस्टर जेस्मी
आमीनः एक नन की आत्मकथा/द्वारा अनुवादित शुचिता मीतल.— नई दिल्लीः पेंगवीन, २०१०.
१६४पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.; एन.एम.एम.एल.
मूल मलयालम और अंग्रेजी "आमीनः द ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए नन" से अनुवादित

भारत में लिखी गई अपनी तरह की इस पहली पुस्तक में एक नन के रूप में सिस्टर जेस्मी की तैंतीस साल की ज़िंदगी का बेबाक ब्योरा है! यह आत्मकथा कॉन्वेंट की चारदीवारी के बाहर रहकर भी नन की तरह जीवनयापन करती जेस्मी की जीज़स और चर्च में अटूट निष्ठा और आस्था पर मुहर लगाती है!

०७५
सेठ, लीला
घर और अदालतः एक महिला चीफ जस्टिस की कलम से/द्वारा अनुवादित प्रदीप तिवारी.— नई दिल्लीः पेंगवीन, २०१०.

३८४पृ. सी.डब्ल्यू.डी.एस.; एन.एम.एम.एल.
मूल अंग्रेजी "ऑन बेलेंसः एन ऑटोबायोग्राफी" से अनुवादित

दिल्ली हाई कोर्ट की पहली महिला जज और भारतीय हाई कोर्ट के इतिहास में पहली महिला चीफ़ जस्टिस, लंदन में बार की परीक्षा में अव्वल आने वाली पहली महिला लीला सेठ ने अपनी आत्मकथा में बड़ी भावुकता और सरलता से अपने जीवन के खुशनुमा पलों के साथ–साथ मुश्किलों को उजागर किया है! कहीं अंतरंग, कहीं पेचीदा और कहीं हँसा देने वाली यह आत्मकथा एक असाधारण महिला, उनके परिवार और उस समय की दिलचस्प और जीवन से भरपूर तस्वीर पेश करती है!

०७६
सेन गुप्ता, अरूणा
विस्मृति के वातायन–पथ से शान्तिनिकेतन/द्वारा अनुवादित बंदना नारायण.–नई दिल्लीः कालिंगाः १९९१.
१२२पृ. एन.एम.एम.एल.

शान्तिनिकेतन में संगीत की शिक्षा प्राप्त करने के दौरान हुए अनुभवों को अरूणा सेन गुप्ता ने अपनी आत्मकथा का आधार बनाया है!

०७७
हठीसिंह, कृष्णा
कोई शिकायत नहीं.–नई दिल्लीः सत्साहित्य, १९५९.
१८४पृ. एन.एम.एम.एल.

इलाहाबाद में जन्मी जवाहरलाल नेहरू की छोटी बहन कृष्णा हठीसिंग एक भारतीय लेखिका थीं! उन्होंने अपनी आत्मकथा में नेहरू परिवार से अपने संबंध के साथ–साथ अपनी भतीजी प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बारे में लिखा है!

०७८
हलदणकर, वैशाली
बारबालाः एक बार सिंगर की आपबीती/द्वारा अनुवादित पद्मजा घोरपड़े.– नई दिल्लीः वाणी, २००९.
२२० पृ. डब्ल्यू.एस.डी.सी.

मुंबई के एक बार में काम करने वाली वैशाली हलदणकर ने अपनी आत्मकथा में मुंबई के सभी बारों को सरकार द्वारा बंद कर दिए जाने पर हुई असुविधाओं का सजीव वर्णन किया है!

०७९
हीरानंदानी, पोपाती रामचंद
मेरे जीवन के सुनहरे रुपहले पन्ने/द्वारा अनुवादित जिवितराम सतपाल़.–नई दिल्लीः साहित्य अकादमी, १९९२.
११६पृ. डी.पी.एल.; एस.ए.एल.
मूल सिंधी "मुहंजी हायाती जा सोना रूपा वर्का" से अनुवादित

स्वभाव से क्रांतिकारी, अध्यापिका, एवं सिंधी लेखिका ने अपने बचपन से अब तक के जीवन के बारे में चर्चा की है! पोपाती हीरानंदानी ने भारतीय समाज में महिलाओं की दशा को अपनी आत्मकथा का विषय बनाया है!

०८०
हुरजूक, नसीमा
कुर्सी पहियोंवाली/द्वारा अनुवादित गिरीश काशिद एवं चंदा गिरीश.—नई दिल्लीः राजकमल, २०१०.
१६२पृ. सी.एस.एल.

एक विकलांग महिला के अदम्य साहस और संघर्ष की यह जीवनगाथा हम सब को साहस और धैर्य की शिक्षा देती है!

०८१
त्रिवेदी, शान्ती लाल एवं राधा बहन
सरला बहन स्मृति ग्रंथ.—कौसानीः लक्ष्मी आश्रम, १६८४.
३२०पृ. एन.एम.एम.एल.

महात्मा गाँधी की अंग्रेज शिष्या कैथरीन मेरी हेल्मन गाँधीवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लंदन से भारत आईं! उन्होंने गाँधीजी के स्वतंत्रता अंदोलन में अपना सक्रिय योगदान दिया! उनकी लगन और कार्य क्षमता को देखते हुए महात्मा गाँधी ने उन्हें "सरला बहन" का नाम दिया! सरला बहन ने स्वतंत्रता संग्राम में योग दान के साथ–साथ समाज में महिलाओं की स्थिति सुधारने में भी अपना सक्रिय योगदान दिया और १६४६ में कौसानी में "लक्ष्मी आश्रम" की स्थापना की, जिसे "कस्तूरबा महिला उत्थान मंडल" के नाम से भी जाना जाता है! प्रस्तुत जीवनी में उनके इन्हीं रूपों का प्रभावशाली वर्णन किया गया है!

अनुक्रमणिकाएँ

जीवनचरित अनुक्रमणिका
(आत्मकथाकार/जीवनी पात्र)

अंसल, कुसुम (१ अगस्त १९४०) ००२

अग्रवाल, प्रतिभा (१० अगस्त १९३०) ००३

अग्रवाल, सुशीला (१९२३) ०११

अजीत कौर (१६ नवम्बर १९३४) ००४

अनुराधा, आर (११ अक्टूबर १९६७) ००६

आमटे, साधना (५ मई १९२६–९ जुलाई २०११) ००८

उषा, पी टी (२० मई १९६४) ००९

एग्निस, फ्लेविया ०१०

कांबले, शान्ता कृष्ण ०१२

कामा, भिखई रुस्तम(२४सितम्बर १८६१–१३ अगस्त १९३६) ०६५

किदवई, बेगम अनीस (१९०६–१९८२) ०१३

कुंती देवी ०१४

कैफी, शौकत (२० अक्टूबर १९२८) ०१५

कौल, क्षमा ०१७

खेतान, प्रभा (१ नवम्बर १९४२–२० सितम्बर २००८) ०१८

खोटे, दुर्गा (१४ जनवरी १९०५–२२ सितम्बर १९९१) ०१९

गायत्री देवी (२३ मई १९१९–२९ जुलाई २००९) ०२२

गुप्ता, राकेशनंदिनी ०२३

गोखले, अवंतिकाबाई(१७ सितम्बर १८८२–२६ मार्च १९४६) ०३४

गोस्वामी, इंदिरा (१४ नवम्बर १९४२–२९ नवम्बर २०११) ०२४

चंद्रकांता (३ सितम्बर १९३८) ०२६

चानू, इरोम शर्मिला (१४ मार्च १९७२) ०५५

चुग़ताई, इस्मत (२१ अगस्त १९२५–२५ अक्टूबर १९९१) ०२८

चौधरी, हेमंतकुमारी देवी (१७ अक्टूबर १८६३–१९५३) ००५

जगजीवनराम, इंद्राणी (१९११–२००२) ०२९

झलकारी बाई (२२ नवम्बर १८३०–१८९०) ००७

झुनझुनवाला, शीला (१९२८) ०३१

टैगोर, मृणालिनी देवी (१८७२–१९०२) ०२७

तायल, शाँति (५ मार्च १९३२) ०३०

तिलक, लक्ष्मीबाई (१८६८–१९३६) ०३३

दत्त, सरोज नलिनी (९ अक्टूबर १८८७–१९ जुलाई १९२४) ०३५

दास, कमला (३१ मार्च १९३४–३१ मई २००९) ०३६

दीवान, मनोरमा ०३८

देसाई, माधवी (२१ जुलाई १९३३) ०३९

नारायण, प्रभावती देवी (१९०६–१५ अप्रैल १९७३) ०७३

पंडित, विजयलक्ष्मी (१८ अगस्त १९००–१ दिसम्बर १९९०) ०५६

पन्ना धाय ०२१

पाल, प्रकाशवती (३१ जनवरी १९१४) ०४२

प्रीतम, अमृता (३१ अगस्त १९१९–३१ अक्टूबर २००५) ०४४

फुले, सावित्री बाई (३ जनवरी १८३१–१० मार्च १८९७) ०५२

बख्शी, कमला (१९२७) ०४५

बजाज, जानकी देवी (७ जनवरी १८९३–२१ मई १९७९) ०४६

बासु, कृष्णा (१७ नवम्बर १९४७) ०४७

बुद्धिराजा, राज (१६ मार्च १९३७) ०४८

बेगम नूरजहाँ (१५७७–१६४५) ०५९

बेदी, किरन (९ जून १९४९) ०३२

बोबो, उषा (३० जुलाई १९२५) ०६१

भंडारी, मन्नू (३ अप्रैल १९३१) ०४९

माता अमृतानंदमयी देवी (२७ सितम्बर १९५३) ०४३

माधव, नीरजा ०५१

मित्रा, उषादेवी (१८९७–१९६६) ०६६

मीना कुमारी (१ अगस्त १९३२–३१ मार्च १९७२) ०५७

मेहता, कृष्णा ०५३

मेहता, जयवंती बेन (२० दिसम्बर १९३८) ०५४

मोदक, ताराबाई (१९ अप्रैल १८९२–१९७३) ०४०

रत्नावली (१५७७–१६५१) ०६४

रानी पद्मिनी (मृत्यु १३०३) ०२०

राससुंदरी दासी (१८०९) ०५८

लाल देद (१३२०–१३९२) ०१६

वाडकर, हंसा (२४ जनवरी १९२३–२३ अगस्त १९७१) ०६०

विलियम्स, सुनीता (१९ सितम्बर १९६५) ००१

वेद कुमारी ०६२

शर्मा, प्रेमलता ०३७

शास्त्री, उर्मिला ०६३

सचदेव, पद्मा (१९४०) ०६७

सधीर, जोगेश्वरी (२७ दिसम्बर १९६०) ०६८

सरला ०४१

सरला बहन (१९०१) ०८१

सहगल, नयनतारा (१० मई १९२७) ०६९

सहगल, लक्ष्मी (२१ अक्टूबर १९१४–२३ जुलाई २०१२) ०७०

सालिम, हमीदा ०७१

सिंधिया, वसुंधरा राजे (८ मार्च १९५३) ०२५

सिंधिया, विजयराजे (११ अक्टूबर १९१९–२५ जनवरी २००१)०७२

सिस्टर जेस्मी (१९५६) ०७४

सुबुलक्ष्मी़, मदुरई शानमुखावदिवु
(१६ सितम्बर १९१६–११ दिसम्बर २००४) ०५०

सेठ, लीला (२० अक्टूबर १९३०) ०७५

सेन गुप्ता, अरूणा ०७६

हठीसिंह, कृष्णा (नवम्बर १९०७–१९६७) ०७७

हलदणकर, वैशाली ०७८

हीरानंदानी, पोपाती रामचंद
(१७ सितम्बर १९२४–१६ दिसम्बर २००५) ०७९

हुरजूक, नसीमा (सितम्बर १९५०) ०८०

नाम अनुक्रमणिका

(लेखक, अनुवादक इत्यादि)

अंजली ००१
अंजुम. इफ्तिख़ार ०२८
अनुजा, मंगला ००५
अनुसूया अनु ००७

कड़कीआ, शीला ०११
कृष्णाबाई ०३४
काँत, मीरा ०४५
काशिद, गिरीश ०८०
कुमार, आशा ०७०
केला, भगवानदास ०१४
कौल, जयालाल ०१६

खान, नसीरुद्दीन हैदर ०१०

गर्ग, दामोदर लाल ०२०, ०२१
गिरीश, चंदा ०८०
गोस्वामी, मामोनी रायसन ०२४
गौड़, संजय ०२५
गौहर, परवेज़ ०७१

घोरपड़े, पद्मजा ०७८

चतुर्वेदी, प्रतिमा ०२५
चट्टोपाध्याय, पूर्णानंद ०२७

जैन, जयकुमार ०३०

डंगवाल, प्रमेश ०३२

टैगोर, रबीन्द्रनाथ ०२७, ०७६

ताँबे, कुसुम ०१६
तिलक, रजनी ०१२
तिवारी, प्रदीप ०७५
तिवारी, विनायक ०३४

दत्त, गुरुसदय ०३५
दीक्षित, अर्चना ०३७

दीक्षित, विश्व प्रकाश ००९
नारायण, बंदना ०७६
नेहरु, कृष्णा ०७७
नेहरू, स्वरूप कुमारी ०५६

पद्मावती ०२०
पाठक, एस पद्मजा ०४०
पाठक, प्रज्ञा ०४१
पुरी, स्वामी तुरीयामृतानंद ०४३

बनर्जी, नीता ०२४
बापत, विजय ०६०
बाबा आमटे ००८

भबतारिणी ०२७
भावे, विनोबा ०११

मनीष कुमार ०५०
महजबीन बानो ०५७
माली, एम जी ०५२
मीतल, शुचिता ०७४
मुदलियार, प्रतिभा ०३९
मेहरुन्निसा ०५९
मेहरोत्रा, दीप्ति प्रिया ०५५

रस्तोगी, दुर्गाप्रसाद ०५६
राजगुरु, नरेन्द्र ०५७
राधा बहन ०८१
लक्ष्मीबाई ००७
राफेल, मेमी ०७४
रैना, शिबन कृष्ण ०१६

लल्लेश्वरी ०१६
लाजवंती देवी ०५९
लेखा दिव्येश्वरी ०७२

विजय ०६१

शाह, एम बी ००८
शास्त्री, वेदव्रत ०६४
शेठना, खोर्शेद अद्री ०६५

श्री भक्तिमती उषा बहिन जी ०६१

श्रीवास्तव, मुकुन्दीलाल ०६९

सक्सेना, प्रभा ०६६
सतपाल़, जिवितराम ०७९
सरवाटे, रामचन्द्र रघुनाथ ०३३

सिंह, सुधा ०५८

सिन्हा, बिंदु ०७३

सुधामनी इदमन्नल ०४३

हेल्मन, कैथरीन मेरी ०८१

त्रिवेदी, शान्ती लाल ०८१

संकेत शब्द अनुक्रमणिका

आंदोलन–भूदान	०११
–राष्ट्रीय	००७, ०१३, ०३४, ०३८, ०४१, ०४६, ०५६, ०६३, ०६५, ०७३, ०७६
–सामाजिक	०३५, ०४०
आत्मकथाएँ	००२, ००३, ००४, ००६ ,००८, ००६, ०१०, ०१२, ०१५, ०१८, ०२३, ०२४, ०२६, ०२८, ०२६, ०३१, ०३३, ०३६, ०३६, ०४४, ०४६, ०४७, ०४६, ०५४, ०५८, ०६०, ०६३, ०६७, ०६६, ०७०, ०७१, ०७४, ०७५, ०७७, ०७८, ०७६
आनंदवन आश्रम	००८
इतिहास	००७, ०२०, ०२१, ०५६
इंडियन नेशनल आर्मी	०७०
इंडियन नेशनल कांग्रेस	०४०
ईस्ट इंडिया कम्पनी	००७
"उड़न परी"	००६
कस्तूरबा महिला उत्थान मंडल	०८१
दलित अध्ययन	०१२, ०२६, ०५१
दुर्गा दल	००७
डाँसबार	०७८
पत्नी–कमाल अमरोही (मीना कुमारी)	०५७
–कैफ़ी आज़मी (शौकत कैफ़ी)	०१५
–गुरूसदय दत्त (सरोज नलिनी दत्त)	०३५
–गोस्वामी तुलसीदास (रत्नावली)	०६४
–जगजीवन राम (इंद्राणी जगजीवनराम)	०२६
–जमनालाल बजाज (जानकी देवी बजाज)	०४६
–जयप्रकाश नारायण (प्रभावती देवी नारायण)	०७३
–जहाँगीर (बेगम नूरजहाँ)	०५६
–जीवाजी राव सिंधिया (विजयराजे सिंधिया)	०७२
–ज्योतिबा फुले (सावित्रीबाई फुले)	०५२

–दुनीचंद मेहता (कृष्णा मेहता) ०५३
–बलदेव तायल (शाँति तायल) ०३०
–मुरलीधर देवीदास आमटे (साधना आमटे) ००८
–यशपाल (प्रकाशवती पाल) ०४२
–रबीन्द्रनाथ टैगोर (मृणालिनी देवी टैगोर) ०२७
–राजेन्द्र यादव (मन्नू भंडारी) ०४६

पुरस्कार – अर्जुन ००६
–दादा साहेब फ़ालके ०१६
–पद्मभूषण ००१, ०५०
–पद्मविभूषण ०३६,०४०,०४४,०४६,०५०,०७०
–पद्मश्री ००४,००६,०१६,०२८,०३१,०४४,०६७
–भारत रत्न ०५०
–रमन मैगसेसे ०३२
–शौर्य ०३२

प्राचीन भारत ०१४, ०६४

ब्रिटिश भारत ००७, ०१३, ०३४, ०३८, ०४२, ०४६, ०५६, ०६३, ०६५, ०७०, ०७३, ०७७, ०७६

भारतीय जनता पार्टी ०५४, ०७२

महाकाव्य–महाभारत ०१४

महिला संत ०१६, ०४३, ०६१

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा–घरेलू हिंसा ०१०

मुग़लकालीन भारत ०२०, ०२१,, ०५६

रंगकलाएँ –अभिनय ०१६, ०५७, ०६०
–थिएटर ०१५, ०१६
–रंगमंच ००३
–संगीत ०५०, ०७६

राजघराना ०२०, ०२२, ०२५, ०५६, ०७२

राजनीतिक भागीदारी ०२०, ०२२, ०२६,, ०५६, ०५६, ०७०, ०७२

रानी लक्ष्मीबाई रेजीमेंट ०७०

राष्ट्र सेविका समिति ०५४

लक्ष्मी आश्रम ०८१

विकलांगता ०८०

व्यवसाय –अंतरिक्ष यात्री ००१
–अधिवक्ता ०१०
–अध्यापिकाएँ ०२६, ०३६, ०४०, ०४७, ०४८, ०५२, ०७६
–अभिनेत्री ०१५, ०१६, ०५७, ०६०
–एथलीट ००६
–कवयित्री ०१६, ०२३, ०३६, ०४७, ०५७, ०६७
–गायिकाएँ ०५०, ०७६
–जज ०७५
–डॉक्टर ०७०
–पटकथा लेखन ००२, ००३, ०३१
–पत्रकार ००५, ००६, ०३८
–पुलिस ०३२, ०५१
–मुख्यमंत्री ०२५
–राजदूत ०५६
–राजनीतिज्ञ ०२२, ०२५,, ०५४, ०७२
–लेखिकाएँ ००२, ००४, ०१२, ०१७, ०१८, ०२४, ०२६, ०२८, ०३१, ०३३, ०३६, ०४७, ०४८, ०४६, ०६७, ०६८, ०६६,०७१, ०७७, ०७६
–संगीतज्ञ ०३७
–समाज सेविका ००८, ०३०, ०३४, ०३५,०४०,०४५,०५२,०५४,०८०,०८१

संस्मरण ०१३,०१७,०२२,०२३,०३८,०४२,०४८,०५२,०६२,०६८

साहित्य–अंग्रेजी ०३६,०३८,०६६
–असमी ०२४
–उर्दू ०१५,०२८,०३८,०७१
–कथा साहित्य ०२८
–काव्य साहित्य ०१५,०५७
–शायरी ०१५,०५७
–कश्मीरी ०१६
–डोगरी ०६७
–पंजाबी ००४,०३८,०४४
–कथा साहित्य ००४,०४४
–काव्य साहित्य ०४४
–बंगला ०४७,०४८,०५८,०६०
–कथा साहित्य ०६६
–मराठी ०१२,०१६,०३३
